समाचार

मानिकपुर बस्ती में सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया महापौर ने (पाली–तानाखार विधायक श्री मोहित केरकेट्टा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ लोकार्पण कार्यक्रम)

कोरबा 09 जनवरी 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज पाली तानाखार विधायक श्री मोहित केरकेट्टा की विशेष उपस्थिति में निगम के वार्ड क्र. 30 मानिकपुर बस्ती में सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण किया तथा सामुदायिक भवन को समाजसेवा के लिए समर्पित किया एवं नागरिकों को अपनी शुभकामनाएं दी।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 30 मानिकपुर बस्ती में 11 लाख 66 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा किया गया, इस मौके पर पाली तानाखार विधायक मोहित केरकेट्टा विशेष रूप से उपस्थित थे। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्री प्रसाद ने कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा सभी समाज के लिए सामुदायिक भवन जैसी सौगातें दी हैं। आज मानिकपुर बस्ती में मसीही समाज के लिए यह जो सामुदायिक भवन लोकार्पित किया गया है, वह राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के निर्देश पर पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के द्वारा स्वीकृत किया गया था। उन्होने कहा कि कोरोनाकाल के चलते सामुदायिक भवन निर्माण में थोड़ा विलंब जरूर हुआ किन्तु आज वह समाज की सेवा के लिए समर्पित है। राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के प्रयास से ही मसीह समाज के लिए एस.ई.सी.एल. हेलीपेड के पास 50 लाख रूपये की लागत से ग्रेवियार्ड का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि समाज का स्नेह एवं प्यार सदैव राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल एवं मुझे प्राप्त हुआ है तथा विश्वास रखता हूँ कि आगे भी यह स्नेह मिलता रहेगा। उन्होने आगे कहा कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विकास कार्यो में क्रमशः तेजी लायी जा रही है तथा निर्माण व

विकास कार्य प्रारंभ हो रहे हैं, दर्जनों विकास कार्य प्रगति पर हैं। उन्होने कहा कि मैं स्वयं वार्ड पार्षदों के साथ वार्ड एवं बस्तियों का भ्रमण कर वार्ड की जनता से रूबरू हो कर उनकी समस्याओं की जानकारी ले रहा हूॅ तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक कदम भी उठाए जा रहे हैं। इस मौके पर समाज के लोगों ने बाउण्ड्रीवाल का निर्माण, पेवर ब्लाक लगाए जाने का अनुरोध महापौर श्री प्रसाद से किया, जिस पर उन्होने उक्त कार्यो को कराए जाने की घोषणा की।

समाज को मिली सामुदायिक भवन की सौगात– इस अवसर पर पाली तानाखार विधायक श्री मोहित केरकेट्टा ने कहा कि मसीही समाज के लिए आज सामुदायिक भवन की सौगात मिली है, जिसके लिए मैं अपनी हार्दिक बधाई देता हूॅ तथा इस सौगात के लिए राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद को धन्यवाद देता हूॅ। उन्होने कहा कि निश्चित रूप से राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल सभी समाजों के हित के लिए लगातार चिंतन करते हैं तथा समाज की जो आवश्यकताएं होती है उन्हें हरसंभव पूरा करते हैं। उन्होने आगे कहा कि महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद सीधे, सहज एवं सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं तथा लोगों की हरसंभव सहायता के लिए तत्पर रहते हैं।

कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य श्रीमती सपना चौहान, श्री प्रदीपराय जायसवाल, एल्डरमेन एस.मूर्ति, पूर्व पार्षद सीताराम चौहान, जिला कांग्रेस महामंत्री विकास सिंह, राजेश यादव, समाज के पदाधिकारी के.सी.डब्ल्यू.ए. के अध्यक्ष राजेश जोसेफ, रवि बक्श, विक्टर मेनन, राजेश मसीह, हरिश मसीह, बेनी मैथ्यू, संजीव खाखा, मनोज तेजवानी, डेविड जोसेफ, सीमा गोस्वामी, संतकुमार दिवाकर, वंदना मेनन, आशा मेनन, सुनीता यादव, मालती भारद्वाज, सविता पाटले, सुनीता चौहान, कांता सिंह आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।